


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 10 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 265 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# अयोध्या में सीएम का विपक्ष पर हमला

## हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वा कर सपा ने किया था पाप



**● चढ़ावा चोरी के बाद पंद्रह दिन में दूसरी बार अयोध्या पहुंचे योगी ने अन्य सरकारों से की भाजपा की तुलना**

**अयोध्या।** राम मंदिर से चढ़ावा चोरी की घटना के बाद पंद्रह दिन में दूसरी बार अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। राम मंदिरनगरी के मंदिरों से चढ़ावा चोरी की घटना के बाद पंद्रह दिनों दिन में दूसरी बार अयोध्या पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय लोकदल के नेता स्वर्गीय मुन्ना सिंह चौहान की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने यहां एक जनसभा को भी संबोधित किया। अयोध्या की बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के सोहावल में मुख्यमंत्री ने 432 करोड़ रुपये से अधिक लागत की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद प्रदेश में भाजपा और अन्य सरकारों के कार्यकाल की तुलना भी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आई तो भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे और जनकल्याण प्रत्येक परिवार के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बने, यही उनकी डबल इंजन सरकार का संकल्प है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां पर एक सरकार ऐसी भी थी, जो रामभक्तों पर गोली चलवाती थी। उन्होंने आगे कहा, 'समाजवादी पार्टी (सपा) ने हनुमान गढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप किया था और हमने अयोध्या को सांस्कृतिक राजधानी बनाने का कार्य किया। आज अयोध्या तीनों लोकों से प्यारी बन गई है। हमने अयोध्या की तस्वीर बदली। यहां पर तो हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का पाप किया गया। विपक्ष ने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाई थी। अब यहां सर्वधर्म समभाव सम्भाव पर जोर है।'' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक लंबे समय तक अयोध्या को नजरअंदाज किया गया। न सड़क, न बिजली, न पानी, कोई व्यवस्था नहीं थी और तो और जो लोग आस्था की बात करते हैं, उन्होंने तो हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज का आयोजन किया था। क्या कांग्रेस या समाज-ावादी पार्टी कभी जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित कर पाएगी। तो फिर, उन्होंने यह पाप क्यों किया। सपा और कांग्रेस से सवाल, क्या जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित कर पाएंगी।

### अयोध्या का भदरसा अब भरतकुंड

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यहां भदरसा का चेयरमैन गुस्ताखी कर रहा था। अयोध्या का भदरसा अब 'भरतनगर भरतकुंड' कहलाएगा। मुख्यमंत्री ने भदरसा का नाम बदलकर भरतनगर भरतकुंड किया और अब भदरसा नगर पंचायत की नई पहचान भरत नगर भरत कुंड के रूप में होगी। उन्होंने कहा कि भरत जैसा भाई दुनिया में नहीं मिलेगा। अयोध्या ने राम, लक्ष्मण और भरत दिया।

## इस्तीफे के बाद भी मंदिर में चंपत राय का ही सिक्का चलता है



**अयोध्या।** राम मंदिर परिसर में अभी भी चंपत राय की ही चल रही है। ट्रस्ट से बाहर होने के बाद भी वीआईपी पास बांटने में चंपत राय का ही सिक्का चल रहा है। मंदिर के 1800 क-रोड़ का फंड जिन बैंक अकाउंट में है, उन्हें भी उनके खास लोग संभाल रहे हैं। ऐसा तब है, जब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट में चढ़ावा चोरी के आरोपों के बाद चंपत राय 26 जून को महासचिव पद से इस्तीफा दे चुके हैं। 6 जुलाई को उनका इस्तीफा स्वीकार भी हो चुका है। मामले की जांच कर रही एसआईटी की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। माना जा रहा है कि एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में चंपत राय को दूध का धोया बता दिया गया है।

## सार्वजनिक शोक के बाद अयातुल्ला अली खामेनेई सुपुर्द-ए-खाक



**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को कई दिनों के सार्वजनिक शोक के बाद शुक्रवार तड़के सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उन्हें उनके गृहनगर मशहद में पूरे राजकीय सम्मान के साथ दफनाया गया। करीब 37 वर्षों तक ईरान पर एकछत्र राज करने वाले खामेनेई की 28 फरवरी को अमेरिकी और इजराइली हवाई हमलों में मौत हो गई थी, जिसके बाद से ही ईरान युद्ध की शुरुआत हुई थी। अयातुल्ला अली खामेनेई ईरान के इतिहास के ऐसे दूसरे शासक बन गए हैं, जिन्हें मशहद शहर में दफनाया गया है। उनसे पहले साल 1747 में ईरान के मशहूर शासक नादिर शाह को इस शहर में दफनाया गया था। नादिर शाह ने करीब 11 वर्ष तक ईरान पर शासन किया था और 1747 में उनकी हत्या कर दी गई थी।

## घर में पोते और ट्यूबवेल पर दादा की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, सनसनी

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के पवई थाना क्षेत्र के हेवती डीहवा गांव में शुक्रवार की सुबह दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। घर और ट्यूबवेल पर सो रहे दादा और पोते की अज्ञात हमलावर ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचा तथा साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच में पारिवारिक लेनदेन और आपसी क्लेश का मामला सामने आने की बात कही जा रही है। गांव निवासी 70 वर्षीय जगदंबा प्रसाद यादव रोज की तरह घर से करीब 300 मीटर दूर स्थित अपने ट्यूबवेल पर सो रहे थे। वहीं उनका 25 वर्षीय पोता अंकित घर में अपनी चचेरी दादी फूलमती और दो भाइयों के साथ सोया था।

# चेन्नई में होगा ऑस्ट्रेलियाई टी-20 लीग का ओपनिंग मैच

**● एमसीजी में भी मोदी का जलवा लिसा को आटोग्राफ स्टीव वॉ के साथ सेल्फी**



**डलास।** ऑस्ट्रेलिया की टी-20 लीग बिग बैश लीग (BBL) का ओपनिंग मैच भारत में खेला जाएगा। मुकाबला चैन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 12 दिसंबर को होगा। यह पहली बार होगा, जब किसी विदेशी क्रिकेट लीग का मैच भारत में होगा। पीएम मोदी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। मोदी अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे के तीसरे और आखिरी दिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) पहुंचे थे। इस दौरान पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भारत-ऑस्ट्रेलिया स्पोर्ट्स कोलैबोरेशन रोडमैप भी लॉन्च किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, क्रिकेट हमारे बीच स्वाभाविक रूप से जुड़ाव का माध्यम बना है। दोनों नेताओं ने यह भी एलान किया कि ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (BBL) 2026-27 सीजन का उद्घाटन मुकाबला इस साल दिसंबर में चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा।

## 20 आईएएस अधिकारियों का तबादला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा फेरबदल करते हुए देर रात 20 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इस प्रशासनिक सर्जरी से कई महत्वपूर्ण विभागों के मुखिया को नई और अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग में सचिव के तौर पर काम कर रहीं शुभा वर्मा को उत्तर प्रदेश का नया श्रम आयुक्त नियुक्त किया गया है। एक और अहम नियुक्ति में, चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक और चिकित्सा शिक्षा विभाग की सचिव के तौर पर काम कर रहीं डॉ. सारिका मोहन को उत्तर प्रदेश के महानिदेशक (पंजीकरण) की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।



## सेंसेक्स 750 अंक से ज्यादा उछला, निफ्टी 24,150 के पार

**नई दिल्ली/मुंबई।** शुक्रवार सुबह भारतीय शेयर बाजार में चौतरफा तेजी देखने को मिली, जिसने दलाल स्ट्रीट के निवेशकों को गदगद कर दिया है। बाजार खुलते ही प्रमुख संवेदी सूचकांकों में जोरदार खरीदारी देखी गई, जिससे बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही हरे निशान में काफी ऊपर कारोबार करने लगे। आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मजबूत तिमाही नतीजों और दुनिया भर के बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के दम पर घरेलू बाजार में निवेशकों की धारणा बेहद मजबूत हुई है, जिससे बाजार में यह बड़ी तेजी दर्ज की जा रही है। कारोबार शुरू होते ही भारतीय शेयर बाजार में भारी लिवाली देखने को मिली। बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 750 अंकों से अधिक की बड़ी उछाल के साथ खुला, वहीं एनएसई का निफ्टी 24,150 के स्तर के पार निकल गया। शुरुआती कारोबार में इन दोनों प्रमुख सूचकांकों ने 0.85 प्रतिशत तक की बढ़त हासिल की।

## मानसून ने मचाया तांडव

**भोपाल/लखनऊ/पटना।** दिल्ली में लगातार बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया। तुखमीरपुर में 24 घंटे में 160 मिमी बारिश हुई। विकास मार्ग, संगम विहार, द्वारका, मुनीरका, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन समेत कई जगहों पर सड़कें डूब गईं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में शुक्रवार को यमुनोत्री हाईवे 100 मीटर बह गया। इससे करीब 1000 यात्री फंसे हैं। हरिद्वार में सड़कों पर 3-4 फीट पानी भर गया। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को बारिश से जुड़े अलग-अलग हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई। बुलंदशहर में 2 लोगों की जान गई। हरदोई में 2 बहनें नदी में बह गईं। वहीं, बिहार के गोपालगंज में बिजली गिरने से एक की मौत हो गई।

## चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव की अपील खारिज



**नई दिल्ली।** चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव की अपील खारिज हो गई है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, दिल्ली हाई कोर्ट ने आज शुक्रवार को बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव की कई चेक बाउंस मामलों में सजा बरकरार रखी। ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली राजपाल यादव की अपील खारिज कर दी गई है। राज-पाल यादव को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। दरअसल, अभिनेता ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील की थी। मगर, उनकी अपील खारिज कर दी गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े मामले में अभिनेता की सजा को बरकरार रखा है। ऐसे में सवाल है कि क्या राजपाल यादव फिर जेल जाएंगे? दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बाद अभिनेता को दोबारा जेल जाना पड़ सकता है।




## यूपी में 900 नई अदालतों के गठन पर 23 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेश में 900 नई अदालतों के गठन के मामले में मुख्य सचिव को अगली सुनवाई तक शपथ पत्र दाखिल कर संबंधित शासनादेश प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी। न्यायमूर्ति राजन राय और मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेकर यह आदेश दिया। याचिका में प्रदेश में कुल 9149 अदालतों के गठन का मुद्दा उठाया गया है। बताया गया कि राज्य सरकार की उच्च स्तरीय समिति ने अक्टूबर 2024 में पहले चरण में 900 नई अदालतों के गठन को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी।

# ट्रंप को ठिकाने लगाने के चक्कर में है ईरान

## कासिम सुलेमानी की हत्या का प्रतिशोध लेगी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर



**● इजराइल की खुफिया एजेंसी के दावे के बाद दुनिया में मचा हड़कंप**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने शुक्रवार को अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि इस्राइल की सरकार ने अमेरिका के साथ एक खुफिया सूचना साझा की है। इस सूचना के तहत ईरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मारने की साजिश रच रहा है। अगर इस्राइल की इस खुफिया सूचना की पुष्टि होती है तो यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच पहले ही तनाव बढ़ा हुआ है और दोनों तरफ से एक दूसरे के ठिकानों पर हवाई हमले किए जा रहे हैं। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर ने कुद्स फोर्स के पूर्व कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेने की कसम खाई हुई है। कासिम सुलेमानी की हत्या डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में हुई थी। चूंकि ट्रंप ने ही कासिम सुलेमानी की हत्या के लिए ड्रोन हमले का आदेश दिया था, इसलिए ईरान की आईआरजीसी सेना ट्रंप को इसके लिए जिम्मेदार मानती है।

### लेह में शिया समुदाय ने अयातुल्ला अली खामेनेई को दी श्रद्धांजलि

लेह में शिया समुदाय के सदस्यों ने ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिनकी 28 फरवरी को ईरान पर इजरायली और अमेरिकी हवाई हमलों के दौरान मृत्यु हो गई थी।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 37.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 10 जुलाई, शुक्रवार, 2026 (2)





वाराणसी। मदरसा मतलउल उलूम निसवाँ जैतपुरा में बोर्ड की मुंशी परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करतीं एसआई रागिनी शर्मा एवं प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न के साथ छात्राएं एवं अन्य।

जनमुख डेस्क

### मंत्री रविन्द्र जायसवाल के चित्र पर जूता मारने को लेकर गुस्से में भाजपाई

# सपा के खिलाफ मोर्चा, माफी की मांग




**दोनों दलों के बीच तनाव को लेकर बढ़ी सियासी हलचल**

- आगे भी आंदोलन जारी रखने की दी चेतावनी
- अखिलेश यादव के विरुद्ध टिप्पणी के बाद सपाइयों ने किया था प्रदर्शन

**वाराणसी।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए, जिन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक विरोध का मतलब किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाना नहीं होता। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि सपा कार्यकर्ताओं ने स्टांप मंत्री रविंद्र जायसवाल के चित्र पर जूते मारे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि विरोध दर्ज करना सभी का अधिकार है, लेकिन इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से इस कृत्य के लिए माफी मांगने की मांग की। सुबह की शुरुआत में भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए। उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए सपा के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के अपमानजनक कृत्य से राजनीतिक माहौल में विषाक्तता बढ़ती है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं के इस व्यवहार की निंदा की और इसे लोकतंत्र के मूल्यों के खिलाफ बताया। भाजपा के नेताओं ने कहा कि राजनीतिक विरोध का एक तरीका होता है, लेकिन किसी के प्रति इस तरह की अपमानजनक कार्रवाई करना न केवल गलत है, बल्कि यह राजनीतिक संस्कृति को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने सपा से आग्रह किया कि वे अपने कार्यकर्ताओं को इस तरह के कृत्यों से रोकें और राजनीतिक संवाद को स्वस्थ बनाए रखें। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि वे इस मुद्दे को लेकर आगे की रणनीति बनाएंगे और सपा के खिलाफ अपने विरोध को जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे इस घटना को लेकर प्रशासन से भी शिकायत करेंगे और उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। दरअसल मंत्री के एक वायरल वीडियो में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ अभद्र शब्द का प्रयोग किए जाने के बाद प्रदर्शन कर सपाइयों ने मंत्री के चित्र पर जूते चप्पल बरसाए थे। इसके बाद से ही दोनों दलों के बीच सियासी घमासान चल रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं का यह प्रदर्शन वाराणसी में राजनीतिक तनाव को और बढ़ा सकता है, क्योंकि दोनों दलों के बीच पहले से ही मतभेद हैं।




# तोड़ी गयी बाबा साहेब की प्रतिमा



- कपसेठी में शरारती तत्व ने दिया घटना को अंजाम
- हो-हल्ला मचने से पहले ही पुलिस ने स्थापित करा दी नई प्रतिमा

**वाराणसी।** थाना कपसेठी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुरु में पॉलिटो-क्निक के पास स्थित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त करने की जानकारी के बाद सुबह मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। विरोध प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और शांति व्यवस्था में कोई बाधा आने से पहले ही नई प्रतिमा मंगा कर वहां पर स्थापित कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होते ही थाना कपसेठी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब एवं उप जिलाधिकारी राजातालाब द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के सहयोग से क्षतिग्रस्त प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा मंगाकर स्थापित कर दिया गया।


# चुनावी बूथों का स्थानांतरण रोका जाए



- डीएम को ज्ञापन सौंपकर सपाइयों ने जताया विरोध

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के प्रदेश महासचिव एवं वाराणसी शहर दक्षिणी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी किशन दीक्षित ने शुक्रवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर चुनावी प्रक्रिया के दौरान मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के मतदान केंद्रों को दूर-दराज स्थानों पर स्थानांतरित किए जाने पर शिकायत की। किशन दीक्षित ने कहा कि मतदान केंद्रों को अचानक दूर स्थानांतरित करने से मतदाताओं को भारी असुविधा हो रही है और कई जगह विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि मतदान बूथों को पुरानी जगह पर ही बनाए रखा जाए। सपा प्रतिनिधि मंडल ने स्पष्ट किया कि यदि कोई मतदान स्थल जर्जर हालत में है तो उसे तुरंत मरम्मत कराया जाए। यदि मरम्मत संभव नहीं है और बूथ स्थानांतरित करना अनिवार्य है, तो उसे नजदीक ही किसी उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि मतदाताओं को सुविधा बनी रहे और कोई विवाद न खड़ा हो। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सपा प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि ऐसे सभी मतदान केंद्रों को चिन्हित कर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में रीबू श्रीवास्तव, योगेंद्र यादव, राजू यादव आदि शामिल रहे।

## सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षा समारोह 30 जुलाई को, अधिसूचना जारी



**वाराणसी।** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय का 44वां दीक्षा महोत्सव 30 जुलाई (गुरुवार) को सुबह 10 बजे विश्वविद्यालय के दीक्षा मण्डप में आयोजित होगा। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा के निर्देशन में कुलसचिव राकेश कुमार ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी की। इस समा-रोह में वर्ष 2026 के विद्यावारिधि, आचार्य, शास्त्री, शिक्षाशास्त्री, आयुर्वेदाचार्य, ग्रन्थालय विज्ञान तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विज्ञान के सफल विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। कुलसचिव ने बताया कि समारोह में शामिल होने के इच्छुक सभी पात्र अभ्यर्थियों को 20 जुलाई तक निर्धारित स्वीकृति-पत्र भरकर कुलसचिव कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे** — ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मण्डल द्वारा भारतीय रेलवे में पंजीकृत वेंडरों से ई–नीलामी के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह ई–नीलामी पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मण्डल की सामान्य एवं एलएचवी कोचों के रूप में संचालित विभिन्न मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में 3.9/4 टन क्षमता वाले एसएलआर तथा 24 टन क्षमता वाले वीपीयू के पट्टे पर आवंटन हेतु तथा छपरा, बनारस एवं मऊ स्टेशनों पर पार्सलों की पैकिंग/रैपिंग कार्य के लिए की जा रही है।

उक्त कार्यों/पट्टों का आवंटन 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र पंजीकृत वेंडर निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। पैकिंग/रेपिंग हेतु ई–नीलामी किये जाने का विवरण निम्नवत है:–

ई–नीलामी कैटलाग सं.: BSB-MSS-LW

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| 1 | छपरा स्टेशन पर लगेज/मोटरसाइकिल/पार्सल की पैकिंग/रैपिंग का कार्य | 21-07-2026 | 10:00-10:30 |
| 2 | बनारस स्टेशन पर लगेज/मोटरसाइकिल/पार्सल की पैकिंग/रैपिंग का कार्य | 21-07-2026 | 10:00-10:40 |
| 3 | मऊ स्टेशन पर लगेज/मोटरसाइकिल/पार्सल की पैकिंग/रैपिंग का कार्य | 21-07-2026 | 10:00-10:50 |

जमानत राशि (रू०में): कॉन्ट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 10%

ई–नीलामी कैटलाग सं.: BSB-PARCELLEASE

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| 1 | गाड़ी संख्या 22132 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग | 21-07-2026 | 10:00-10:30 |
| 2 | गाड़ी संख्या 13138 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग | 21-07-2026 | 10:00-10:40 |
| 3 | गाड़ी संख्या 11072 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग | 21-07-2026 | 10:00-10:50 |
| 4 | गाड़ी संख्या 22589 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग | 21-07-2026 | 10:00-11:00 |
| 5 | गाड़ी संख्या 15138 का RSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग | 21-07-2026 | 10:00-11:10 |
| 6 | गाड़ी संख्या 22536 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग | 21-07-2026 | 10:00-11:20 |
| 7 | गाड़ी संख्या 22132 का RSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग | 21-07-2026 | 10:00-11:30 |
| 8 | गाड़ी संख्या 13138-37 का VPU का लीजिंग | 21-07-2026 | 10:00-11:40 |
| 9 | गाड़ी संख्या 13122-21 का VPU का लीजिंग | 21-07-2026 | 10:00-11:50 |

| | |
|---|---|
| जमानत राशि (रू०में) (For SLR) | EMD amount will be equivalent to 10 trips lump-sum leased freight subject to minimum of Rs. 5 lakh. |
| जमानत राशि (रू०में) (For VPU) | EMD amount will be equivalent to 5 round trips lump-sum leased freight subject to minimum of Rs. 10 lakh. |
| वेबसाइट पता: | www.ireps.gov.in |

नोट: (1) ई–नीलामी IREPS (E-Auction leasing Portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाईन होगी। (2) ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/- + GST (Non Refundabel) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, अमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाईन उसी खाते से होगी। (3) ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–79 — मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# वन संरक्षक ने की एक दिवसीय वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा



- 12 जुलाई को मंडल के सभी जिलों में आयोजित होगा कार्यक्रम

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वन भवन वाराणसी के सारंग सभागार में आज शुक्रवार को मंडल स्तरीय वृक्षारोपण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, वाराणसी डॉ. रवि कुमार सिंह ने की। बैठक का उद्देश्य 12 जुलाई 2026 को वाराणसी मंडल के सभी जिलों में आयोजित होने वाले एक दिवसीय वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की प्रगति की समीक्षा करना था। बैठक में उप निदेशक पंचायती राज, संयुक्त निदेशक कृषि, उप निदेशक उद्यान, डीडीएम नाबार्ड, डीजीएम एनटीपीसी, लीड बैंक मैनेजर, काशी विद्या-पीठ के कुलसचिव, बीएचयू, वसन्ता महा विद्यालय राजघाट की प्राचार्या, मैनेजर बनास डेयरी तथा डीएफओ वाराणसी निधि चौहान, ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, वन एवं पर्यावरण डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के साथ राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद भी हुआ। उनके संबोधन के पश्चात डीएफओ वाराणसी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई। अंत में वसन्ता महा विद्यालय राजघाट की प्राचार्या डॉ. अल्का सिंह ने वन संरक्षक को शांति लिली का पौधा भेंट किया।

## सम्मानित की गयीं मदरसा मतलउल उलूम की मेधावी छात्राएं



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मदरसा मतलउल उलूम निसवाँ जैतपुरा में गुरुवार को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद बोर्ड एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड के कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को एवं मदरसा बोर्ड की मुंशी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय कैंपस की प्रोफेसर डॉक्टर शाइस्ता परवीन एवं विशिष्ट अतिथि थाना जैतपुरा की एस आई रागिनी शर्मा थीं। वर्ष 2026 में वाराणसी जिले में मुंशी में उच्च अंक पाने वाली छात्रा अजीजा फातिमा को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था की पूर्व प्रधानाधाचार्य कैसर जहां, नसीम जहां, महमूदा अंसारी, शेतुमा कलाम की उपस्थित रही। अध्यक्षता प्रधानाचार्य बानो फैज़ान ने और संचालन शाहिना परवीन अंसारी ने किया।

## वाराणसी से दौड़ेंगी नई ट्रेनें

**वाराणसी।** रेलवे बोर्ड वाराणसी-साबरमती एक्सप्रेस चलाने के लिए जहां रैक आवंटित कर दिया है, वहीं वाराणसी-अमृतसर के बीच नई ट्रेन और वाराणसी-जम्मूतवी के बीच चलने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस का क्लोन गाड़ी चलाने की संभावनाएं तलाशी जा रहीं है। दीपावली/छठ पर्व तक सभी ट्रेनें पटरी रफ्तार भरने लगेंगी।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र.सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्या :** उपमु. इन्जी.-नि.-बीएसबी-02-2026, दिनांक : 08.07.2026, **कार्य का नाम :** वाराणसी में कंस्ट्रक्शन ऑफिस बिल्डिंग (मुख्य इंजी. कैंप ऑफिस) और ऑफिसर रेस्ट हाउस, छपरा में कंस्ट्रक्शन ऑफिसर रेस्ट हाउस, वाराणसी सिटी में रेल पथ निरीक्षक डिपो और उप मुख्य इंजी./नि./वाराणसी यूनिट के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अन्य प्रतिष्ठानों में विभिन्न विविध सिविल कार्य हेतु निर्माण कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 1,28,27,142.74, **बयाना राशि :** रु. 2,56,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. शून्य, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **21.07.2026**
• उपरोक्त निविदा सबमिशन की बन्द होने की तिथि - **दिनांक 04.08.2026, 14:30 बजे तक।**
• उपरोक्त निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 04.08.2026, 14:30 बजे के उपरांत।** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**कार्यपालक इंजी./नि./वाराणसी मो. नं. 9794845238** — **कार्यपालक इंजीनियर/नि., पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी**
**मुजाधि/डब्ल्यू-222**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी बनाने की गति धीमी

**30 जुलाई तक हर हाल में काम पूरा करने की ताकीद**

- डीएम ने लगायी अधिकारियों की क्लास



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त श्रम रोजगार एवं समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी बनाने की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने उपरोक्त कार्य सहायक पंचायत के माध्यम से 30 जुलाई तक पूरा करने सख्त हिदायत दी है। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि पंचायत सहायक के वेतन देने से पूर्व उनके द्वारा कराए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करें।

**गौ-संरक्षण केन्द्र का सुचारू संचालन न होने पर नाराजगी जताई**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण में बरती जा रही लापरवाही पर सख्ती से कहा कि सभी गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में पशु आहार, भूसा व हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए साथ ही वहां पर वर्तमान मौसम के दृष्टिगत गोवंशों की सुरक्षा हेतु समस्त औपचारिकताओं को समय सीमा में पूरा किया जाए।

## मऊ समाचार

### आम बेचकर घर जा रहे युवक की रोडवेज बस की टक्कर से मौत



**दोहरीघाट।** थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव के पास नेशनल हाईवे पर बृहस्पतिवार की देर शाम करीब 7:30 बजे ठेला लेकर घर जा रहे पिंटू सोनकर (30) को पीछे से तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक गोंठा बाजार से आम बेचकर लौट रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। देवरिया के रुद्रपुर निवासी पिंटू पुत्र काशी सोनकर दोहरीघाट कस्बा स्थित अपने ननिहाल में रहकर फल बेचने का काम करता था। बृहस्पतिवार को गोंठा में बाजार लगती है। इसमें वह ठेले पर आम लेकर बेचने गया था। शाम को आम बेचने के बाद खाली ठेला लेकर वापस घर लौट रहा था। उसके साथ गोलू सोनकर भी फल बेचकर लौट रहा था। गोलू ने बताया कि जब वह और पिंटू सोनकर इब्राहिमाबाद गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पिंटू सड़क पर गिर गया और उसका सिर फट गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## भदोही समाचार

### झाड़-फूंक में दौड़ते रहे परिजन, महिला की गई जान

**चौरी।** थाना क्षेत्र के धनवतिया गांव में जहरीले जंतु के काटने से प्रतिमा देवी (32) पत्नी नन्हकू गौतम की मौत हो गई। जहरीले जंतु के काटने के बाद परिजन तीन से चार जगहों पर झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ गए। इस बीच तबीयत में सुधार न होने पर उसे कछवा स्थित मिशन अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौरी थाना क्षेत्र के धनवतिया गांव में एक और महिला की मौत हो गई। गांव निवासी नन्हकू गौतम मजदूरी कर आजीविका चलाते हैं। गांव में उनका कच्चा मकान है। उन्होंने बताया कि हर दिन की तरह सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए। उनकी पत्नी मड़हे में खाट पर सोने गई। खाट पर जैसे ही वह लेटी। इस बीच उसके पैर में कोई चीज चुभी। जिससे वह उठकर बैठ गई।

## गाजीपुर समाचार

### खेत में खरपतवार साफ कर रही मां को लगा करेंट तो बचाने आई बेटी, दोनों की गई जान



**सैदपुर ( गाजीपुर )।** भीरा बलुवा गांव में बृहस्पतिवार सुबह खेत में धान की रोपाई से पहले खरपतवार साफ कर रहीं मां-बेटी की करेंट लगने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बिजली निगम पर पहले से शिकायत के बावजूद खामी दूर न करने का आरोप लगाया है। मृतका के पति राममूरत यादव ने बताया कि भीरा बलुवा गांव निवासी सीमा देवी (45) अपनी सबसे छोटी बेटी खुशी यादव (15) के साथ सुबह करीब नौ बजे खेत में खरपतवार साफ कर रही थीं। खेत के पास लगे विद्युत खंभे के स्टे वायर में करेंट उतर आया। सीमा देवी जैसे ही स्टे वायर के पास पहुंचीं, वह करेंट की चपेट में आकर उससे चिपक गईं। मां को तड़पता देख कुछ दूरी पर काम कर रही खुशी उन्हें बचाने दौड़ी, लेकिन हाथ पकड़ते ही वह भी करेंट की चपेट में आ गई और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बंद कराकर दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल और घटनास्थल पर जुट गए। कुछ देर तक आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने का विरोध किया। एसडीएम ज्योति चौरसिया, क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण तिवारी और कोतवाल अनिल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

## जौनपुर समाचार

### दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के हाथों 87 मेधावियों को मिलेंगे स्वर्ण पदक

**मल्हनी।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय सभागार में बृहस्पतिवार को विद्या परिषद एवं परीक्षा समिति की बैठक में दीक्षांत समारोह की तैयारी पर चर्चा हुई।

विवि के मीडिया सेल से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 27 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के हाथों 87 मेधावियों को गोल्ड मेडल मिलेगा। दीक्षांत समारोह में 339 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि और एक को डीएससी की उपाधि दी जाएगी।

विद्या परिषद ने शोध उपाधियों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वर्ण पदक, शोध उपाधि और डीएससी की उपाधि देने पर सहमति बनी।

## आजमगढ़ समाचार

### घर में खेलते समय सर्पदंश से ढाई साल के बच्चे की मौत



**अतरौलिया।** चिस्तीपुर गांव में घर के बाहर खेलते समय बुधवार की शाम सर्पदंश से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। चिस्तीपुर गांव निवासी रामबदन ने बताया कि उनका ढाई साल का पोता उत्कर्ष बुधवार की शाम को पांच बजे घर में खेल रहा था। तभी उसे सांप ने डंस लिया। परिजन उसे उपचार के लिए अतरौलिया स्थित 100 शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे टांडा पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। परिजन बच्चे को लेकर टांडा जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। उत्कर्ष अपनी दो बहनों का इकलौता भाई था। मां कविता और दोनों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दादा ने बताया कि उत्कर्ष के पिता राजू मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वह लगभग दस दिन पहले दिल्ली गए थे। थानाध्यक्ष देवेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि सर्पदंश से बच्चे की मौत की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## बलिया समाचार

### सांप के डसने से नौवीं के छात्र की मौत

**चौकियामोड़।** भीमपुरा थाना क्षेत्र के मलेरा गांव के सुम्हा निवासी शिवानंद राजभर के बेटे शिवम राजभर (15) की बुधवार देर रात सांप के डसने से मौत हो गई।

घटना से परिवार में कोहराम मच गया। शिवम बुधवार रात अपने कमरे में पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान एक सांप मेंढक का पीछा करते हुए कमरे में घुस आया और उसके पैर में डस लिया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन शिवम को इलाज के लिए मऊ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में कटघरा के पास उसकी मौत हो गई।

बृहस्पतिवार को पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। शिवम कक्षा नौवीं का छात्र था।

## सोनभद्र समाचार

### ट्रेलर की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत

**सोनभद्र।** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के कुलरीहवा टोला के समीप गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे बाइक और हाइवा ट्रक (UP64BT9245) की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पिपरी पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

मृतकों की पहचान छोटू कुमार (20) पुत्र सिद्धनाथ निवासी पाटी टोला कुटियाही, थाना पिपरी, सुनील कुमार (16) पुत्र रामप्यारे निवासी पाटी टोला कुटियाही, थाना पिपरी तथा रामबदन (35) निवासी रणहोर, थाना अनपरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही बाइक से घूमने के लिए निकले थे।

पिपरी क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडे ने बताया कि हादसे के समय हल्की बारिश हो रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक तेज रफ्तार में थी और सामने से आ रहे हाइवा ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक युवक ट्रक के पहिए के नीचे फंस गया, जिससे उसका शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया।

दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया, जिसे पुलिस ने ट्रेलर हटवाकर सामान्य कराया।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल है।

### ड्यूटी कर लौट रहे युवक को बेकाबू ट्रेलर ने कुचला, मौत

**म्योरपुर।** स्थानीय थानाक्षेत्र के रनटोला जंगल में बृहस्पतिवार को सड़क हादसे में बाइक सवार कमलदेव यादव (27) की मौत हो गई। वह ड्यूटी से घर लौट रहा था। अचानक अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में आ गया। म्योरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुद्धी थाना क्षेत्र के सरडीहा गांव के महुअरिया निवासी गोरख यादव का पुत्र कमलदेव रेणुकूट में एक निजी कंपनी में काम करता था। बृहस्पतिवार को दोपहर बाद करीब 3 बजे वह ड्यूटी पूरा कर बाइक से घर लौट रहा था। आश्रम मोड़ और रनटोला के बीच स्थित जंगल पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## चंदौली समाचार

### सांप के डसने के बाद ओझा के पास नहीं, अस्पताल जाएं : डॉ. राजेश

**चंदौली।** मानसून के साथ जिले में सर्पदंश के मामले बढ़ने लगे हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि सांप काटने पर झाड़-फूंक या ओझा-तांत्रिक के चक्कर में पड़ने के बजाय तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचें, जहां एंटी स्नेक वेनम देकर जान बचाई जा सकती है। बरहनी पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में एंटी स्नेक वेनम की 40 वायल उपलब्ध हैं। जिले में कोबरा और करैत जैसे विषैले सांप पाए जाते हैं। हालांकि, 70 से 80 प्रतिशत सर्पदंश के मामलों में विषैले सांप नहीं होते, फिर भी सर्पदंश मेडिकल इमरजेंसी है। इसलिए घबराने के बजाय तत्काल अस्पताल पहुंचकर इलाज कराना जरूरी है। उन्होंने बताया कि सर्पदंश होने पर सबसे पहले 108 एंबुलेंस पर कॉल करें। पीड़ित को शांत रखें, क्योंकि घबराहट से जहर तेजी से फैल सकता है। उसे अनावश्यक हिलने-डुलने न दें।

## प्रयागराज समाचार

### नहर में डूबने से युवक की मौत, साथी भाग निकले



**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के सीधवार रायपुर स्थित नहर में बृहस्पतिवार को दोस्तों के साथ नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद युवक का शव नहर के गहरे पानी में कीचड़ में फंसा मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूरेगोबई निवासी 19 वर्षीय हिमांशु शर्मा पुत्र संतलाल शर्मा अपने चार दोस्तों के साथ सीधवार रायपुर स्थित नहर में नहाने गया था। सभी युवक नहा रहे थे, तभी हिमांशु अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने शोर मचाते हुए भाग निकले, वही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों के सहयोग से नहर में जाल डालकर कई घंटे तक खोजबीन की गई। घंटों की मशक्कत के बाद हिमांशु का शव गहरे पानी में कीचड़ में फंसा मिला। शव को बाहर निकालने पर उसकी पहचान हिमांशु शर्मा के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि हिमांशु इंटरमीडिएट पास करने के बाद आईटीआई कर रहा था। मृतक घर का इकलौता पुत्र था। पिता संतलाल गांव में सैलून चलाते हैं।

## देवरिया समाचार

### खलिहान की पैमाइश में हुई वृद्ध की मौत, दूसरे पक्ष के घर पर ग्रामीणों ने बरसाए ईंट-पत्थर

**देवरिया।** पिड़हनी गांव में खलिहान और आबादी की जमीन की पैमाइश के दौरान हुई वृद्ध की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने दूसरे पक्ष पर धावा बोल दिया। उन्होंने घर में घुस कर तोड़फोड़ की और तीन लोगों की पिटाई कर घायल कर दिया। जिसमे एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसका देवरिया एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। गांव में मंगलवार की शाम जमीन की पैमाइश के दौरान हुई बहस में सर्वजीत यादव की मौत हो गई। देर रात तक लोग कार्रवाई की मांग पर जुटे रहे। मृतक के पक्ष के लोगों ने गुस्से में दूसरे पक्ष की मकानों पर ईंट बरसाएं और दरवाजा तोड़ कर तीन की पिटाई कर दी। हमलावरों ने बैजनाथ यादव 42 की पिटाई की। उनके सिर में गंभीर चोट लगी। हरिकेश यादव की पत्नी सरिता 41 और बेटी रोली 14 को पीट कर घायल कर दिया।

## सुल्तानपुर समाचार

### एसयूवी में चली गोली से हुई थी आजाद की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

**सुल्तानपुर।** गोसाईगंज के कारीबहार जासापारा गांव में 28 जून को हुई आजाद वर्मा की हत्या के मामले में पुलिस जांच ने नया मोड़ ले लिया है। फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि आजाद वर्मा की मौत उसके साथी के हाथों से अवैध पिस्टल से दुर्घटनावश चली गोली लगने से हुई थी। इस मामले में घटना के बाद से गायब चल रहे दो आरोपियों को लखनऊ से पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त एसयूवी, अवैध पिस्तौल और अन्य साक्ष्य भी पुलिस को मिले हैं।

गत 29 जून को बादल वर्मा की ओर से सोशल मीडिया पर वायरल किए गए वीडियो व दी गई तहरीर पर पुलिस ने विवेचना शुरू की थी। घटनास्थल की जांच, फोरेंसिक साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर सामने आया कि घटना वाले दिन आजाद वर्मा अपने तीन साथियों गांव के ही अभिषेक वर्मा पुत्र विजयबहादुर वर्मा कल्लू, अभिषेक वर्मा पुत्र रामजनक वर्मा और अमन वर्मा के साथ अभिषेक पुत्र रामजनक की काली एसयूवी में सवार था। तभी अवैध पिस्तौल चलाने के प्रयास में अभिषेक पुत्र विजयबहादुर के हाथ से दुर्घटनावश फायर हो गया।

गोली पहले सीट को आर-पार करती हुई आजाद वर्मा की कमर में जा धसीं। गोली लगने के बाद चारों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद घायल आजाद को लेकर तीनों आरोपी गांव और आसपास के क्षेत्रों में काफी देर तक घूमते रहे।

पुलिस के मुताबिक खून अधिक बहने पर उसे सुल्तानपुर लेकर पहुंचे। वहां से पुलिस को सूचना देने के बाद इलाज के लिए लखनऊ रवाना हो गए। तभी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कराया गया, जिससे घटना को अलग रूप देने का प्रयास किया गया।

विवेचना के दौरान आरोपियों के भागने की पुष्टि हुई। बुधवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि दोनों अभिषेक लखनऊ के पीजीआई के स्थित वृंदावन योजना सेक्टर-16 में छिपे हैं।

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में लिया। उनकी निशानदेही पर पखरौली बाईपास रेलवे ओवरब्रिज के पास खड़ी घटना में प्रयुक्त काली एसयूवी भी बरामद कर ली गई। फील्ड यूनिट को एसयूवी की जांच में घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल, खोखा कारतूस और खून के निशान मिले हैं। साथ ही चालक सीट के बगल वाली सीट पर गोली के निशान भी मिले हैं।

कादीपुर सीओ विनय गौतम ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को बृहस्पतिवार को सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों आरोपियों की रिमांड स्वीकार करते हुए उन्हें 20 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। घटना में आरोपी अमन वर्मा पुलिस की पकड़ से अभी दूर है। उसकी तलाश की जा रही है।

## गोरखपुर समाचार

### सर्पदंश से किशोरी की मौत, निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, हंगामा

**सिकरीगंज ( गोरखपुर )।** सिकरीगंज क्षेत्र के हरपुर गांव की 17 वर्षीय किशोरी मुस्कान की सर्पदंश के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। बेटी की जान बचाने की उम्मीद में परिवार ने कर्ज लेकर निजी अस्पताल में 35 हजार रुपये जमा किए लेकिन उसकी मौत हो गई।

आक्रोशित परिजन ने अस्पताल में हंगामा करते हुए इलाज में लापरवाही और आर्थिक शोषण का आरोप लगाया। हरपुर निवासी अवधेश ठाकुर (शर्मा) मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनकी सबसे बड़ी बेटी मुस्कान इंटरमीडिएट की छात्रा थी। परिजन के अनुसार, बुधवार देर रात बारिश होने पर पूरा परिवार छत से नीचे आ गया। मुस्कान अलग कमरे में सोने चली गई, जहां उसे जहरीले सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर रात करीब तीन बजे उसे जदूपट्टी स्थित आयुष्मान ट्रामा सेंटर ले जाया गया। मृतका की मां लालमती का आरोप है कि अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर मोईन और अस्पताल संचालक जयवीर सिंह ने इलाज शुरू करने से पहले 35 हजार रुपये जमा कराने को कहा। परिजनों ने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर रकम जमा कर दी।

आरोप है कि इसके बाद सुबह तक किसी भी परिजन को मुस्कान से मिलने नहीं दिया गया। उसकी हालत के बारे में पूछने पर अस्पताल कर्मी सुरक्षित बताते रहे। सुबह पहले डिस्चार्ज करने की बात कही गई लेकिन कुछ देर बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजन का यह भी आरोप है कि अस्पताल प्रशासन बिना पर्याप्त जानकारी दिए शव भेजने की तैयारी कर रहा था। घटना की सूचना पर मुंबई मजदूरी के लिए जा रहे पिता बीच रास्ते से लौट आए और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि अस्पताल ने उपचार से संबंधित कोई रिपोर्ट या बिल भी उपलब्ध नहीं कराया। हालांकि अस्पताल संचालक जयवीर सिंह ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि मुस्कान को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था।

## मीरजापुर समाचार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं को मंत्रः2027 में 2017 का रिकॉर्ड तोड़ेंगे



**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गुरुवार को मीरजापुर प्रवास के दौरान संगठनात्मक बैठकों की श्रृंखला में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से संवाद किया। पार्टी के जिला कार्यालय पंडित दीनदयालपुरम कॉलोनी में आयोजित जिला कार्यसमिति की बैठक में उन्होंने संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को और सशक्त बनाने पर जोर देते हुए विश्वास जताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा वर्ष 2017 के प्रदर्शन का भी रिकॉर्ड तोड़ेगी। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ अलग से संवाद किया और संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की। इसके बाद बृजधाम लॉन के सभागार में आयोजित प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों से संवाद किया। इसी दौरान पार्टी पदाधिकारियों के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। जनप्रतिनिधियों की बैठक में विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विकास योजनाओं और स्थानीय समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया। पंकज चौधरी ने निर्देश दिए कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। इस बैठक में प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल, काशी क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया, विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, रत्नाकर मिश्र, अनुराग सिंह, शुचिस्मिता मौर्य, एमएलसी श्याम नारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, पं. भावेश शर्मा सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह ने किया।

अयोध्या के चढ़ावा चोरी मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे उन्हें बक्सा नहीं जाएगा। यह कार्य करने वाले बहुत ही घृणित व्यक्ति ही होंगे। उक्त विचार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भाजपा कार्यालय पर पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार इस प्रकरण को लेकर काफी गंभीर है अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावा चोरी को प्रदेश अध्यक्ष ने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण कार्य बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार विकास के मुद्दों को लेकर जनता के समक्ष जाएगी एवं तीसरी बार भी सरकार बनाएगी। श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के विकास एवं जनता के उत्थान हेतु कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी आदि क्षेत्रों में जो भी कमियां है उन्हें यथाशीघ्र दूर कर लिया जाएगा।

## लाइफ मंत्र

### गुरु पूर्णिमा पर क्यों मनाया जाता है वेदव्यास जी का जन्मदिवस

महर्षि वेद व्यास जी का जन्म दिवस गुरु पूर्णिमा के रूप में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। भगवान विष्णु जी के अंशावतार भगवान वेद व्यास जी का वास्तविक नाम कृष्ण द्वैपायन है। द्वीप में जन्म लेने के कारण इनका नाम कृष्ण द्वैपायन रखा गया। इनके पिता ऋषि पराशर जी तथा माता सत्यवती थीं।

सर्वप्रथम एक ही वेद था। जब इन्होंने धर्म का ह्रास होते देखा तो इन्होंने वेदों का व्यास कर अर्थात उनका विभाग कर वेदों का ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद आदि नामों से नामकरण किया। इस प्रकार वेदों का व्यास करने से ये कृष्ण द्वैपायन से



महर्षि वेद व्यास के नाम से प्रसिद्ध हुए। महर्षि वेद व्यास जी ने इसके अलावा वेदों के अर्थ को लोक व्यवहार में समझाने के लिए पंचम वेद के रूप में महाभारत ग्रन्थ के अलावा अठारह पुराणों के रूप में अद्वितीय वैदिक धर्म ग्रन्थों की रचना की। इस प्रकार समस्त वैदिक ज्ञान निधि को एक सूत्र में पिरोने वाले सूत्रधार महर्षि वेद व्यास जी की पावन जयन्ती गुरु पूर्णिमा संपूर्ण भारतवर्ष में उल्लासपूर्वक मनाई जाती है। भगवान वेद व्यास जी ने अपनी तपस्या एवं ब्रह्मचर्य की शक्ति से सनातन वेद का विस्तार करके इस लोकपावन पवित्र इतिहास का निर्माण किया है। जब इन्होंने मन ही मन 'महाभारत' की रचना कर ली तब उन्होंने विघ्नेश्वर गणेश जी से प्रार्थना की कि आप इसके लेखक बन जाइए, मैं बोलकर लिखाता जाऊंगा। तीन वर्षों के अथक परिश्रम से इन्होंने महाभारत ग्रन्थ की रचना की। देवर्षि नारद जी ने देवताओं को, असित और देवल ऋषि ने पितरों को इसका श्रवण कराया है। शुकदेव जी ने गन्धर्वों एवं यक्षों को तथा इस मनुष्य लोक में महर्षि वेद व्यास के शिष्य धर्मात्मा वैशम्पायन जी ने इसका प्रवचन किया है। महाभारत में ही भगवान श्री कृष्ण जी द्वारा अर्जुन को माध्यम बनाकर लोक कल्याण के लिए प्रदान किया गया श्री मद्भगवद्गीता जी का पावन उपदेश भी संकलित है। व्यासाय विष्णुरूपाय व्यासरूपाय विष्णवे। नमो वै ब्रह्मनिधये वासिष्ठाय नमो नमः। अर्थात् व्यास विष्णु के रूप हैं तथा विष्णु ही व्यास हैं ऐसे वसिष्ठ-मुनि के वंशज का मैं नमन करता हूँ।

नमोऽस्तु ते व्यास ा ि ा श ा ा ल ब ा ु द्ध फुल्लारविन्दायतपत्रनेत्रः। येन त्वया भारततैलपूर्णः प्रज्ज्वालितो ज्ञानमयप्रदीपः।। अर्थात् जिन्होंने महाभारत रूपी ज्ञान के दीप को प्रज्ज्वलित किया ऐसे विशाल बुद्धि वाले महर्षि वेदव्यास जी को मेरा नमस्कार है।

## Tamil Nadu सिर्फ Tourist Place नहीं, Guinness Record का भी घर, जानें ये 5 खास बातें



तमिलनाडु सिर्फ खूबसूरत मंदिरों और बीच के लिए ही नहीं, बल्कि कई वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के लिए भी जाना जाता है, जिसमें रामेश्वरम का दुनिया का सबसे लंबा मंदिर कॉरिडोर और कोयंबटूर की गिनीज रिकॉर्ड-धारक आदियोगी प्रतिमा शामिल है। यह राज्य अपने आप में पर्यटन, इतिहास और अनूठे तथ्यों का संगम है। भारत में घूमने के लिए कई अद्भुत जगहें और एक से बढ़कर सुंदर व रहस्यमी स्थान मौजूद है। जब घूमने-फिरने की बात आती है, तो सबके मन में साउथ इंडिया घूमने का मन में ख्याल जरुर आता है। गौरतलब है कि दक्षिण भारत की कई सारी जगहें बेहद खूबसूरत है। इन्हीं में से एक राज्य है तमिलनाडु, जो कि खूबसूरत मंदिर, स्वादिष्ट साउथ इंडियन खाना और शानदार बीच के लिए जाना जाता है। लाखों लोग हर साल यहां पर आते हैं। शायद ही आप जानती हैं कि तमिलनाडु न केवल एक टूरिस्ट प्लेस नहीं बल्कि कई सारे रिकॉर्ड्स का घर भी है। दरअसल, तमिलनाडु में ऐसी कई जगहें हैं, जो अपने इतिहास, बनावट और खासियतों के कारण पूरी दुनिया में फेमस हैं। यदि आप भी काफी समय से तमिलनाडु घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप इन जगहों पर जरुर जाएं।

**रामेश्वरम में है दुनिया का सबसे लंबा मंदिर कॉरिडोर**

वैसे तमिलनाडु का रामेश्वरम अपने धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। लेकिन यहां के रामनाथस्वामी मंदिर की सबसे बड़ी खासियत इसका बड़ा सा कॉरिडोर है। इस मंदिर में दुनिया का सबसे लंबा कॉरिडोर है। यहां पर जाने के लिए दूर-दूर तक एक लाइन में बनें खूबसूरत खंभे दिखाई देंगे। इन खंभों पर जो नक्काशी की गई है, उसकी खूबसूरती बढ़ाने का काम करती है।

**ऊटी की टॉय ट्रेन का ट्रैक भी है बेहद खास**

साउथ इंडिया के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन में ऊटी आता है। यहां पर मौजूद नीलगिरी माउंटेन रेलवे, जिसे लोग टॉय ट्रेन के नाम से जानते हैं, पर्यटकों को ये काफी पसंद आती है। इस रेलवे लाइन की सबसे खास बात यही है कि इसे एशिया के सबसे सीधे और नीचे की तरफ झुके हुए रास्तों में से एक माना जाता है। इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत यही है कि जब पहाड़ों, जंगलों और चाय के बागानों से ट्रेन गुजरती है, तो नजारा काफी खूबसूरत दिखता है।

**कोडाईकनाल की रहस्यमयी गुफा**


अगर आपको एडवेंचर पसंद है, तो कोडाईकनाल की गुना केव घूमने के लिए बेहतरीन जगह है। पहले इसे डेविल्स किचन के नाम से जाना जाता था। घने जंगलों के बीच बनी यह गुफा अपने रहस्यमयी माहौल के लिए मशहूर है। यहां की गहरी दरारें और बड़ी-बड़ी चट्टानें देखकर हर कोई हैरान रह जाता है। कोडाईकनाल घूमने आने वाले ज्यादातर पर्यटक इस जगह को देखने जरूर जाते हैं।

**तीन सागरों का संगम है कन्याकुमारी**

गौरतलब है कि कन्याकुमारी भारत के सबसे आखिरी कोने पर बसा हुआ है। दरअसल, यह जगह काफी खूबसूरत है। यहां पर दुनिया के तीन बड़े समंदर जैसे बंगाल की खाड़ी, अरब सागर और हिंद महासागर आपस में मिलते हैं। इसको इसको तीन सागरों का संगम कहा जाता है। यहां पर सनराइज और सनसेट देखने का अलग ही नजारा होता है। इसके अतिरिक्त यहां पर समंदर के बीचो-बीच बना विवेकानंद रॉक मेमोरियल देखने को मिलता है।

**मदुरै का इतिहास है हजारों साल पुराना**

दरअसल, तमिलनाडु का मदुरै शहर उन चुनिंदा जगहों में से एक है जहां हजारों सालों से लोग रहते आ रहे हैं। बता दें कि, इस शहर का इतिहास भी काफी पुराना है। मदुरै का फेमस मीनाक्षी अम्मन मंदिर अपनी खूबसूरती और ऊंचे, कलरफुल दरवाजों (गोपुरम) के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं।



# सिर्फ मंदिर दर्शन की भूल न करें, इन फेमस जगहों के बिना अधूरी है यात्रा

**अगर आप भी इतनी दूर से मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे हैं, तो सिर्फ पुरी में मंदिर के दर्शन न करें, बल्कि साथ ही अन्य फेमस जगहों को भी एक्सप्लोर करें। इस तरह से आपकी उड़ीसा यात्रा भी पूरी हो जाएगी।**

जुलाई के महीने में जगन्नाथ पुरी की रथयात्रा में लाखों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। ऐसे में अगर आप भी पुरी की रथयात्रा में जा रहे हैं, तो आसपास की जगहों पर जरूर जाना चाहिए।

अगर आप भी इतनी दूर से मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे हैं, तो सिर्फ पुरी में मंदिर के दर्शन न करें, बल्कि साथ ही अन्य फेमस जगहों को भी एक्सप्लोर करें। इस तरह से आपकी उड़ीसा यात्रा भी पूरी हो जाएगी और आप इन जगह को भी एंजॉय कर सकेंगे।

**ऐसे जाएं पुरी**

उड़ीसा के पुरी के लिए ट्रेन यात्रा सबसे आसान पड़ेगी। पुरी रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी वाली ट्रेनें रुकती हैं। लेकिन अगर आप फ्लाइट से जाने का प्लान कर रहे हैं, तो आपको भुवनेश्वर एयरपोर्ट तक जाना होगा।

**उड़ीसा की फेमस चीजें**

सिर्फ पुरी ही नहीं बल्कि उड़ीसा की काफी सारी चीजें फेमस हैं। लोग इन चीजों को देखने के लिए दूर-दूर से आते हैं।

**जगन्नाथ मंदिर**

समुंदर का किनारा और बीच
महाप्रसाद
सी-फूड
भुवनेश्वर का मुक्तेश्वर मंदिर
बिंदुसागर लेकर भुवनेश्वर
लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर

**पुरी के मंदिर के अलावा इन जगहों को करें एक्सप्लोर**

पुरी में जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने के अलावा आपको चिल्का झील जाना चाहिए। यहां पर राजहंस द्वीप और इरावाडी डॉल्फिन की सैर करें। डॉल्फिन पार्क और बर्ड सेंचुरी देखें, हालांकि इन जगहों पर जाने के लिए आपको बोट की जरूरत पड़ेगी। आप 4 से 5 घंटे में इन सभी चीजों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**पुरी बीच**

पुरी जाने के साथ ही आपको पुरी बीच जरूर जाना चाहिए। इसको स्वर्ग द्वार भी बोला जाता है। यहां पर लोकल मार्केट और सैंड आर्ट का भी मजा ले सकते हैं।

**कोणार्क सूर्य मंदिर**

पुरी से 35 किमी दूर कोणार्क का सूर्य मंदिर है। यह जगह यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल है। कोणार्क मंदिर को देखे बगैर आपकी पुरी की यात्रा अधूरी मानी जाएगी।

**गुंडीचा मंदिर**

गुंडीचा मंदिर को भगवान जगन्नाथ का बगीचा बोला जाता है। रथ यात्रा के दौरान भगवान गुंडीचा मंदिर में 7 दिनों तक विश्राम करते हैं।


**इतने दिन की प्लान करें ट्रिप**

जगन्नाथ पुरी यात्रा के लिए 3 से 4 दिन की ट्रिप पर्याप्त होगी। इस बीच मंदिर में दर्शन के साथ ही आप लोकल साइट सीइंग आराम कर सकते हैं। वहीं रथ यात्रा के दौरान अधिक भीड़ होने के कारण आपको इन सारे टूरिस्ट स्पॉट्स पर एक अलग ही एक्सपीरियंस होगा।

**महाप्रसाद लेना न भूलें**

मंदिर एरिया में बने आनंद बाजार को जरुर एक्सप्लोर करें। यहां दुनिया का सबसे बड़ा टेंपल किचन है। यहां पर मिट्टी के बर्तनों में लकड़ी की आंच पर खाना पकाया जाता है। यहां पर यूनिक ट्रेडिशनल तरीके से पकाया गया खाना हर रोज हजारों श्रद्धालु खाते हैं।

# खूबसूरत वादियां बन सकती हैं काल! Landslide-बाढ़ का Red Alert, इन जगहों से रहें दूर



मॉनसून में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो सावधान, क्योंकि उत्तराखंड, हिमाचल और दार्जिलिंग जैसे खूबसूरत हिल स्टेशन बारिश में खतरनाक हो जाते हैं। इन जगहों पर लैंडस्लाइड, बाढ़ और सड़क बंद होने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए यात्रा से पहले पूरी जानकारी लेना जरूरी है।

बारिश के मौसम में घूमना काफी सुहावना लगता है। हर कोई मॉनसून आते ही घूमने का प्लान करने लगता है। गौरतलब है कि भारत में ऐसी कई जगहें, जो मॉनसून में और भी ज्यादा खूबसूरत हो जाती है। इसी कारण से कई लोग मॉनसून के दौरान छुट्टियों की प्लानिंग करते हैं।

यह जगहें बारिश में काफी खूबसूरत नजर आती हैं, उतनी ही खतरनाक भी हो सकती है। इसलिए हमेशा सोच-समझकर का ट्रिप का प्लान करें। क्योंकि मॉनसून के समय कुछ ऐसी जगहें है, जहां पर लैंडस्लाइड, बाढ़, सड़क बंद और नदियों के उफान से कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर आप भी कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो वे लोग एक बार जगहों के बारे में सोच-समझकर ही प्लान करें।

**यात्रा और परिवहन**

मसूरी, नैनीताल और उत्तराखंड के कई हिल स्टेशंस उत्तराखंड में ऐसे कई हिल स्टेशंस जहां लोग घूमने के लिए जरुर जाते हैं। सालभर यहां पर भीड़ लगी रहती है। लेकिन मॉनसून के समय यहां पर जाना आपके लिए बड़ी चुनौती भी बन सकती है। दरअसल, बरसात के समय कई जगहों पर लैंडस्लाइड होती है। पहाड़ों से पत्थर और मिट्टी गिरने से कभी भी सड़कें बंद हो जाती हैं। इसके अलावा, नदियों का वॉटर फ्लो भी बढ़ जाता है। इस दौरान कई जगहों पर बादल फट जाते हैं। इसलिए मॉनसून के समय मसूरी, नैनीताल, केदारनाथ, बद्रीनाथ और जोशीमठ जैसी जगहों पर जाने का प्लान न करें।

**कुल्लू-मनाली**

हिमाचल प्रदेश का कुल्लू-मनाली बेहद ही खूबसूरत है। यहां पर हमेशा लोगों की भीड़ लगी रहती है। हालांकि, बरसात के दौरान यहां जाने पर खतरा हो सकता है। असल में भारी बरसात के समय पहाड़ों से मलबा सड़कों पर आ जाता है। इससे कई बार रास्ते बंद हो जाते हैं। कुछ सालों में यहां पर ऐसा कई बार हुआ है कि कई जगहों पर बाढ़ और बारिश से काफी नुकसान हुआ है। अगर आप यहां पर जाने का प्लान कर रहे हैं, तो मॉनसून के समय बिल्कुल न जाएं।

**दार्जिलिंग**

बरसात के मौसम में अधिकत्तर लोग दार्जिलिंग जाने का प्लान जरुर बनाते हैं। वैसे यह जगह अपनी खूबसूरत वादियो और चाय के बागानों के लिए जानी जाती है। बरसात के समय यहां की नेचुरल ब्यूटी में चार चांद लग जाते है। लेकिन इस दौरान काफी खतरे भी बढ़ जाते है। जैसा कि तीस्ता नदी का फ्लो कई बार यहां पर काफी बाढ़ आ जाती है। मॉनसून में यहां पर लैंडस्लाइड की संभावना अधिक बढ़ जाती है। इसलिए सोच-समझकर ही ट्रिप का प्लान करें।

**नॉर्थ ईस्ट और कुछ इलाके**

बारिश के दौरान नॉर्थ-ईस्ट इंडिया के कई राज्यों में बाढ़ का खतरा अधिक रहता है। असम व अरुणाचल प्रदेश जैसी जगहों पर भारी बारिश के कारण से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, यदि आप मुंबई या गोवा जाने का प्लान कर रहे हैं, तो आप थोड़ा रुक जाएं। अभी मुंबई के हालात भी काफी खराब है।

**इन बातों का रखें ख्याल**

- जब भी आप ट्रिप का प्लान करें तो मौसम का अपडेट लेना जरुरी होता है।
- जहां जा रही हैं वहां के हालात जरुर पता करें।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी, OCD याददाश्त कमजोर होना, सिज़ोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280